लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **चेतन देवड़ा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 89 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 06.11.2019

श्री तमाची खॉ पिता दुला खॉ जाति मुसलमान नि. भंवरीसर तहसील शिव, जिला बाड़मेर

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 26.11.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 21.09.2019 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 89 / 2019 / (26.11) / 672 दिनांक 06.11.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर को दिनांक 26.11.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 26.11.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ और न ही सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किए।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ (राज.)

प्रकरण संख्या 89 / 2019 (सू.अ.)
श्री तमाची खॉ निवासी भंवरीसर तहसील शिव बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 13.09.2019 से चार बिन्दु पर सूचना / प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 07 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(चेतन देवड़ा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 89 / 2019(सू.अ.) / 710 दिनांकः– 27 / 11 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर
2. श्री तमाची खॉ पिता दुला खॉ जाति मुसलमान निवासी भंवरीसर, तहसील शिव, जिला बाड़मेर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2019.12.24 12:25:45 IST
Reason: SelfAttested
Location: